एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बागी 3 में हुई अंकिता लोखंडे की एंट्री

मणिकर्णिका फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अभिनेत्री अंकिता लोखंडे के हाथ बड़ी फिल्म लगी है. ये अभिनेत्री अब टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर स्टारर बागी 3 में नज़र आएंगी. मेकर्स ने ऐलान किया है कि अंकिता इस फिल्म में श्रद्धा कपूर की बहन का किरदार निभाएंगी. खुद अंकिता ने इस बारे में कहा, मणिकर्णिका के बाद मैं एक कमर्शियल फिल्म करना चाहती थी और बागी एक सक्सेजफुल फ्रेंचाइजी है. अहमद सर, टाइगर और श्रद्धा के साथ काम करना बहुत अच्छा अनुभव होगा. उन्होंने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, यह बहुत चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन मैं आश्वस्त हूं कि मेरा कैरेक्टर दर्शकों को खुद से जोड़ लेगा. बागी 3 फिल्म पिछली दो फिल्मों से अलग है इसमें फैमिली बॉन्डिंग पर फोकस किया गया है. मैंने इसमें एक फन लविंग गर्ल का किरदार निभाया है जो श्रद्धा कपूर की बहन है. मैंने अब तक टीवी या बॉलीवुड में ऐसी भूमिका नहीं निभाई है. इसमें दर्शक मुझे बिल्कुल अलग अंदाज में देखेंगे. अंकिता ने मणिकर्णिका में झलकारी बाई का किरदार निभाया था. कंगना रनौत की इस फिल्म में उनके एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी. इस फिल्म में अभिनेता रितेश देशमुख भी दिखाई देंगे. मेकर्स ने कुछ दिनों पहले ही बताया कि कि रितेश देशमुख फिल्म में टाइगर श्रॉफ के भाई की भूमिका में होंगे, लेकिन ये नहीं बताया गया है कि उनका रोल निगेटिव होगा या फिर पॉजिटिव. आपको बता दें कि बागी फ्रेंजाइज़ी की पहली फिल्म साल 2016 में रिलीज़ हुई थी. बागी 2 पिछले साल रिलीज़ हुई थी. बागी 2 में टाइगर के साथ दिशा पाटनी नज़र आई थीं. बागी 2 में टाइगर श्रॉफ और दिशा पटानी को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया था और यह साल की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म में से एक थी, ऐसे में अब हर किसी की नज़रें फ़िल्म के तीसरे भाग पर टिकी है. बागी 3 में अब फिर टाइगर और श्रद्धा की जोड़ी दिखेगी. फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने बागी 2 के ट्रेलर लांच के दौरान ही बागी 3 की घोषणा की थी जिसमें टाइगर ही मुख्य भूमिका में होंगे. इसे भी अहमद खान ही डायरेक्ट करेंगे. फिल्म की तैयारियां शुरु हो चुकी हैं और कुछ ही दिनों में शूटिंग शुरु होगी. फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

मैं खुद को हॉट नहीं मानती हूं: दिशा पाटनी

दिशा पाटनी जब भी सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो ये देखते ही देखते वायरल हो जाती हैं। दिशा की तस्वीरों को देखकर कहा जा सकता है कि इस समय वह फिल्म इंडस्ट्री की सबसे हॉट ऐक्ट्रेसेस में से एक हैं और ऐसा उनके फैन्स भी मानते हैं। हालांकि दिशा का सोचना इससे काफी अलग है। उन्होंने कहा, मैं खुद को हॉट नहीं मानती हूं। मैं अपनी असल जिंदगी में काफी कुछ टॉम बॉय जैसी हूं। केवल मेरे फोटोशूट्स की वजह से लोगों को मैं हॉट लगती हूं। मैं एक सामान्य लड़की हूं जो सादगी में विश्वास रखती है।

सोशल मीडिया के बारे में दिशा ने कहा, सोशल मीडिया मेरी जिंदगी का एक हिस्सा है। निश्चित तौर पर मैं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया हैंडल पर एक ऐक्टिव यूजर हूं लेकिन मैं खुद को यह याद दिलाती रहती हूं कि इंटरनेट के बाहर भी एक जिंदगी है और मैं सोशल मीडिया से बाहर अपने लिए वक्त निकालती हूं। वर्क फ्रंट की बात करें तो दिशा पिछली बार सलमान खान की फिल्म भारत में दिखाई दी थीं। दिशा अब अपनी अगली फिल्म मलंग में दिखाई देंगी जिसका डायरेक्शन मोहित सूरी ने किया है। फिल्म में उनके साथ आदित्य रॉय कपूर, अनिल कपूर और कुणाल खेमू मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

सांड की आंख में मेकअप की वजह से आधा चेहरा काला पड़ गया था: भूमि

ऐक्ट्रेस तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर अपनी अगली फिल्म सांड की आंख में एक-दूसरे के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। मेरठ की शूटर दादियों चंद्रो तोमर और प्रकाशी तोमर की जिंदगी पर बनी इस फिल्म का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ। हमने फिल्म को लेकर भूमि से कुछ बातें की, जानिए उन्होंने क्या कहा। दो हिरोइनें कभी दोस्त नहीं हो सकतीं...दो हिरोइनें साथ काम करें, तो उनके बीच कैट-फाइट तय है... बॉलिवुड में हिरोइनों के लिए ये जुमले मशहूर हैं। कई फिल्मों के दौरान ऐसे उदाहरण देखने को भी मिले हैं कि जब दो हिरोइनों ने साथ काम किया, लेकिन उनके बीच आपस में पटती नहीं थी। ऐसे में, अपनी अगली फिल्म सांड की आंख में स्क्रीन शेयर कर रहीं तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान यह सवाल पूछा ही जाना था कि क्या शूटिंग के दौरान उनके बीच कोई मनमुटाव हुआ? इसके जवाब में भूमि ने बताया, सेट पर लोगों के बीच शर्तें लगती थी इनकी लड़ाई कब होगी, लेकिन हमारे बीच कोई मतभेद नहीं हुआ। इसकी एक वजह फिल्म की कहानी भी थी। हम दोनों के रोल इतने अच्छे लिखे हैं कि किसी तरह की असुरक्षा का भाव नहीं था। हम दोनों ऐक्टर के तौर पर बहुत सिक्यॉर थे। हमें यह अहसास था कि यह फिल्म एक बड़ी वजह से बन रही है, इसलिए हमने कोई भी गलतफहमी मन में न लाते हुए अपना बेस्ट काम किया। वहीं, जब तापसी से फिल्म पति, पत्नी और वो में उनकी जगह भूमि को कास्ट करने पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, भूमि पहले मनमर्जियां करने वाली थीं, जो मैंने की। पति, पत्नी और वो पहले मुझे ऑफर हुई थी, जो भूमि ने की, तो ठीक है।